बंदउँ संत समान चित हित अनहित नहिं कोइ अंजलि गत सुभ सुमन जिमि सम सुगंध कर दोइ
जे श्रद्धा संबल रहित नहिं संतन्ह कर साथ तिन्ह कहुँ मानस अगम अति जिन्हहि न प्रिय रघुनाथ

(मानस- श्रद्धांजलि । राम कथा 924 - मोरबी, गुजरात । मोरारी बापू )

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 90 | इंदौर, शुक्रवार 06 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# रिश्वतखोरी : सबसे ज्यादा शिकंजे में आए पटवारी

◆ लोकायुक्त पुलिस ने तैयार किया रिपोर्ट कार्ड, दो साल में 11 आए गिरफ्त में



@ DGR विशेष

इंदौर। भले कितने ही प्रयास कर लिए जाएं, लेकिन रिश्वतखोरी पूरी तरह से खत्म नहीं हो रही है। अधिकांश देखा गया है कि जब कोई अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो वह दूसरे का नाम लेता है कि उपर तक देना होता है। इसके चलते कई बार सरकारी विभागों में काम कराने वालों को शुभ-लाभ का खेल मन न चाहते हुए भी खेलना ही पड़ता है। देखा गया है कि कुछ कर्मचारी हैं, जो लगातार भ्रष्टाचार करते हैं और बिना रिश्वत के कुछ काम ही नहीं करते। इनमें सबसे आगे पटवारी हैं, हाल ही में लोकायुक्त पुलिस ने जो रिपोर्ट कार्ड तैयार किया है, उससे पता चलता है कि घूसखोरी में पटवारी अव्वल हैं। दो साल में 11 पटवारी रिश्वतखोरी में पकड़ाए हैं, जबकि पुलिस दूसरे नंबर है।

लोकायुक्त ने जो रिपोर्ट तैयार की है उसमें घूसखोरी के मामले में पहला स्थान पटवारी ने हासिल कर लिया है। रिश्वत लेने में वो सबसे आगे निकल गए हैं। दो साल में ही 11 पटवारी रिश्वत लेते पकड़ाए हैं। दूसरे नंबर पर पुलिस बताई गई है, जिसका आंकड़ा पांच है। कोरोना काल के बाद रिश्वत के मामलों में कमी तो आई है, लेकिन जिस तरह से कलेक्टर कार्यालय के नुमाइंदों ने परेशान करना शुरू कर दिया है उसमें पटवारी सबसे आगे हैं। हाल ही में दो साल का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया है उसमें 11 पटवारी ऐसे निकले हैं, जिन्होंने घूस ली है उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है।

## ◆ सामने आए थे ये मामले

7 अगस्त को आखरी पटवारी रिश्वत लेते पकड़ाया था, जिसका नाम हेमंत राठौर है, जो झाबुआ के राणापुर के हल्का नंबर-4-5 को संभालता था। किशोर सिंह परमार की शिकायत पर उसे इंदौर लोकायुक्त ने रिश्वत लेते पकड़ा था। 30 हजार रुपए की रिश्वत ली थी और उसने मांगे 63 हजार रुपए थे। इसके अलावा 19 अप्रैल 2023 को भी पटवारी विष्णु पटेल हल्का नंबर- 89 कछालिया (सांवेर) को 22 हजार रुपए की रिश्वत के मामले में पकड़ा था। दो किश्तों में पैसे मांगे थे, जिसमें पहली किश्त लेते हुए उसे दबोचा था। उसके पास से दस हजार रुपए जब्त किए थे। दीपक पटेल ने इस मामले में शिकायत की थी।

## जांच शुरू, चालानी कार्रवाई की मांगी मंजूरी

यह मामला सामने आने के बाद तय हुआ था कि रिश्वत मांगने में आगे कौन है और उसमें पटवारी के नाम सामने आए थे। 11 पटवारी के खिलाफ जो केस दर्ज हुआ है उनके खिलाफ जांच भी शुरू हो गई है और चालानी कार्रवाई करने के लिए शासन से मंजूरी भी मांगी गई है।

## जमीन के हेरफेर में मोटी रकम

सूत्र बताते हैं कि इंदौर संभाग में सबसे ज्यादा पटवारी हैं, जो रिश्वत के लिए लोगों को परेशान करते हैं और जमीन में हेर-फेर कर मोटी रकम लेते हैं। वहीं अन्य कार्यों के लिए भी इनके द्वारा रुपयों की मांग की जाती है। यदि रुपए दे दिए तो आसानी से काम हो जाता है, नहीं फिर इनके चक्कर काटते रहो।

## दूसरे पर पुलिस, तीसरे पर लोनिवि

रिश्वत के मामलों में दूसरे नंबर पर पुलिस है, जिनका आंकड़ा पांच के आसपास बताया गया है, जिसमें इंदौर जिले के बाहर के पुलिस वाले शामिल हैं, जो रिश्वत मांगते पकड़ाए हैं। तीसरे नंबर पर लोक निर्माण विभाग और रजिस्ट्रार पंजीयन विभाग शामिल हैं।

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

### हथियारों के साथ बंदूक भी निकाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सुरासा मे जमीन विवाद को लेकर बुधवार रात दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि 20 से ज्यादा लोग आमने सामने हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी,सरिए और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान मारपीट के बीच एक पक्ष की तरफ से 12 बोर की बंदूक भी चलाकर हवाई फायर किए गए। पुलिस ने बताया ग्राम सुरासा में रहने वाले लालसिंह और भगवानसिंह आंजना दोनों पड़ोसी हैं। दोनों के बीच जमीन की नपती और मोटर से पानी निकालने की बात को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर बुधवार को लालसिंह और भगवानसिंह के बीच विवाद हुआ। जिसमें दोनों के परिवार के लोग भी कूद पड़े। गाली गलोज के बाद दोनों पक्षों की तरफ से मारपीट शुरू हो गई। सूचना मिलने पर चिमनगंज मंडी थाना पुलिस पहुंची लेकिन तब तक दोनों पक्षों की तरफ से 4-5 लोग घायल हो गए थे,जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने लालसिंह पिता सेवाराम की शिकायत भगवानसिंह, मानसिंह, रीना सहित चार-पांच अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट की शिकायत की। शिकायत में बताया गया कि लालसिंह ने 12 बोर की बंदूक निकाल कर हवा में फायर किए। बंदूक की बट से उसके सिर पर भी वार किए गए। इधर भगवानसिंह की शिकायत पर पुलिस ने लालसिंह सहित सेवाराम, कमलसिंह,लोकेशसिंह, अभिषेकसिंह,संदीप,भैरू, विजय और किशोर सहित अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया हैं।

# तीन श्रद्धालु डूबे, दो बचाया, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। महाकाल मंदिर दर्शन करने आए महाराष्ट्र के एक श्रद्धालु शिप्रा में डूबने लगा। जिसे बचाने के लिए नदी में कूदे दो और श्रद्धालु डूबने लगे। तैराक दल ने इनमें से दो को बचा लिया जबकि एक की युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक युवक महाराष्ट्र के अहमद नगर का रहने वाला है और वो तीर्थ यात्रा के लिए अपने साथियों के साथ उज्जैन आया था। पुलिस ने बताया कि 2 अक्टूबर को महाराष्ट्र के अहमद नगर के श्रद्धालु उज्जैन में महाकाल मंदिर सहित 84 महादेव की यात्रा करने आए थे। गुरुवार शाम 8 बजे सभी को महाराष्ट्र वापस जाना था। महाराष्ट्र के अहमद नगर से धार्मिक नगरी तीर्थ यात्रा पर अपने गुरु युगल शरणजी महाराज के साथ आए श्रद्धालुजन शिप्रा नदी में स्नान के लिए पहुंचे थे। यहाँ सभी गुरु और शिष्य शिप्रा नदी में उतर कर स्नान कर रहे थे। इस दौरान शिप्रा नदी में ज्यादा गहरे पानी में जाने की वजह से धीरज उर्फ वैष्णव दास 25 वर्ष डूबने लगा। उसे डूबता देख साथी सचिन और कृष्णा भी बचाने के लिए पानी में कूदे, इस दौरान तीनों डूबने लगे। होमगार्ड सैनिक राजेन्द्र कुमार ने बताया कि तीनों को डूबता देख दो लोगों को बचा लिया गया जबकि एक युवक की मौत हो गई है। महाराष्ट्र से आए श्रद्धालु का दल नानाखेड़ा स्थित कृष्णा पार्क निवासी कृष्णा नामदेव के घर रुका हुआ था।

## यात्री बस में पीछे से घुसा कंटेनर, 8 से अधिक यात्री घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खरगोन। जिले के खरगोन-खंडवा रोड पर बारमिल फाटे के पास एक कंटेनर ने यात्री बस को पीछे से टक्कर मारी दी। इसमें पीछे बस में बैठे यात्रियों को गंभीर चोट आई हैं। घायल 8 से अधिक यात्रियों को जिला अस्पताल भेजा गया है। हादसा खंडवा-बड़ौदा स्टेट हाइवे पर हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही गोगावां पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, बस खरगोन से खंडवा की ओर जा रही थी। इस दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे एक कंटेनर ने यात्री बस को टक्कर मार दी। कंटेनर की टक्कर से बस एक पेड़ से जा टकराई। बस में 25 से अधिक यात्री मौजूद थे।

विधानसभा क्षेत्र-2 को मिली सौगात

# मुख्यमंत्री ने संभागीय आईटीआई कॉलेज का किया वर्चुअल शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित ह्यकौशल उन्नयन महाकुंभह्न में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, शहडोल, नर्मदापुरम और भिंड में नवनिर्मित 9 संभागीय आईटीआई का लोकार्पण किया। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने इंदौर की विधानसभा-दो के नंदानगर स्थित संभागीय आईटीआई कॉलेज के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस दौरान कॉलेज के नवनिर्मित भवन में आयोजित कार्यक्रम में सांसद, महापौर और विधायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद थे।

इस अवसर पर इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर विधानसभा क्षेत्र 2 के विधायक रमेश मेंदोला के साथ ही सैकड़ों युवाओं ने मुख्यमंत्री का संबोधन वर्चुअल सुना। इस संबोधन में मुख्यमंत्री ने युवाओं को स्किल डेवलप करने के टिप्स देते हुए उनका मार्गदर्शन कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर विधायक रमेश मेंदोला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैंक आप बहुत सौभाग्यशाली हैं कि 48 करोड़ रुपए की लागत से बना सर्व सुविधायुक्त स्किल डेवलपमेंट सेंटर मिला है।

## गरबों के आयोजनों में गैर हिंदू के प्रवेश पर रोक लगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विश्व हिंदू परिषद, मालवा प्रांत के मंत्री विनोद शर्मा ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि नवरात्रि में होने वाले गरबे माता की भक्ति का ही एक स्वरूप है। मालवा प्रांत में इंदौर, उज्जैन संभाग में गरबों के कई आयोजन किए जाते हैं, जिनमे कई व्यवसायिक आयोजन भी शामिल हैं। इन आयोजनों में कई बार ऐसी बातें भी देखने को मिलती है जो समाज और धर्म के हित में नहीं है। प्रान्त मंत्री ने आगे कहा कि कभी-कभी देखने में आता है कि आयोजनकर्ता द्वारा ही कार्यक्रम में जान बूझकर मुस्लिम युवकों को प्रवेश दिया जाता है, ऐसे में विवाद की स्थितियां निर्मित होती है तो ऐसी दशा में आयोजनकर्ताओं को दोषी मान कर कार्यवाही की जाना चाहिए, शासन, प्रशासन द्वारा इस बात को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उक्त जानकारी रामेश्वरम जिला प्रचार प्रचार प्रमुख देवा शर्मा ने दी।

## स्कूली बच्चों का परिवहन कर रही थी ट्रैवलर

◆ आरटीओ ने जब्त कर वसूला जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। परिवहन विभाग की टीम स्कूल वाहनों की जांच के लिए इंदौर की सड़कों पर उतरी। इस दौरान स्कूल बसों और अन्य स्कूल वाहनों की जांच की गई। इसमें निजी वाहन के रूप में पंजीकृत होने के बाद भी ट्रैवलर से स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। मामले में आरटीओ ने बच्चों को छुड़वाने के बाद ट्रैवलर को जब्त किर लिया। इसी तरह अन्य वाहनों को भी जब्त कर जुमार्ना वसूला गया।

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली वाहनों की जांच का अभियान गुरुवार से शुरू किया गया। इसमें विभिन्न रूटों पर स्कूली वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान निजी वाहन के रूप में पंजीकृत एक ट्रैवलर वाहन और एक इक्को वाहन में स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। बच्चों को छुड़वाने के बाद दोनों वाहनों को परिवहन विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया। आरटीओ प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान एक मैजिक भी जब्त की गई, जो बिना परमिट और फिटनेस के स्कूली बच्चों का परिवहन करते पाई गई। अन्य वाहनों में नियमों की अनदेखी होने पर कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

### सेवा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**इंदौर**। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट का सेवा सप्ताह कार्यक्रम मे लायंस क्लब ऑफ इन्दौर डिसेन्ट को सेवा सप्ताह के शुभारंभ आरंभ किया । डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला यश शर्मा द्वारा पुन:समर्पण प्रतिज्ञा अन्य लायन सदस्यो के साथ दिलवाई। गाँधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यातायात जागरुकता अभियान एल आईजी चौराहे पर पुलिस एक्सप्रेस न्यूजके सहयोग से किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला यश शर्मा,रीजन चेयरपर्सन ला चन्द्रप्रकाश हेड़ा,झोन चेयरपर्सन ला चेतना लखोटिया,लायंस क्लब डिसेन्ट अध्यक्ष ला चपला कुमारा भार्गव,ला कुसुम उपाध्याय,ला अर्चना सिंह तोमर,ला सुरजीत राजपाल,ला नीता पावड़े,ला सिम्मी,ला पष्पा काला ,ला स्मृति जैन उपस्थित थे।

## प्रतिभाओं को मिला एमपी अचीवर्स अवॉर्ड 2023

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भोपाल और इंदौर से प्रकाशित साप्ताहिक अखबार समाचार ग्रह ने अपने सफलतम आठ वर्ष पूर्ण किए । इस अवसर पर इंदौर में अभिनव कला समाज सभागृह परिसर में समाचार ग्रह की डिजिटल लांचिग की गई और मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं को एमपी अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप मे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार अबुल नस्र इकबाल, अभिनेता राजीव सक्सेना मुंबई, डीएचएल इंफ्राबुल्स के चेयरमैन संतोष सिंह एवं स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल, मौजूद रहे।

**इनको मिला सम्मान**- इस अवसर पर समाज मे विशेष योगदान देने वाली मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं को एम पी अचीवर्स 2023 सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें पं.मोहन भट्ट वरिष्ट पुजारी खजराना गणेश मंदिर, मनीष अग्रवाल डीसीपी ट्रैफिक पुलिस, सीमा अलावा एडीशनल एस पी, प्रीति अग्रवाल पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर, वरिष्ट पत्रकार कीर्ति राणा, रचना जौहरी, संदीप सिंह सिसोदिया, हर्षवर्द्धन प्रकाश, महेंद्र सिंह सोनगिरा, अभय प्रधान अपैक्स बैंक पीआरओ भोपाल, राजू पवार वरिष्ठ फोटोग्राफर , कार्तिक जोशी इंटरनेशनल अल्ट्रा रनर, ज्योति श्रीवास्तव समाज सेविका, ममता शर्मा पंच राउ,रंगवासा एवं ऋषि मीना समाज सेवक भोपाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नृत्यांगना यामिनी शर्मा की राम स्तुति से हुई। अतिथियों का स्वागत समाचार ग्रह की संपादक ऋतु साहू, शीतल रॉय, सरिता शर्मा, रानी रैकवार और यशवर्धन सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुनयना शर्मा ने और आभार शीतल रॉय ने व्यक्त किया।

## स्मार्ट मीटर योजना के मास्टर कंट्रोल सेंटर का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की महत्वपूर्ण एवं उपभोक्ता हितैषी स्मार्ट मीटर योजना के नए मास्टर कंट्रोल सेंटर का गुरूवार की शाम शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने कहा कि यह सेंटर इंदौर के अलावा उज्जैन, रतलाम, देवास, महू, खरगोन, झाबुआ, सेंधवा के उपभोक्ताओं के लिए भी उपयोगी साबित होगा। इस सेंटर पर स्मार्ट मीटर परियोजना से जुड़ी अनुभवी इंजीनियर टीम दायित्व संभालेगी। सेंटर पर सीसीटीवी, 80 वर्ग फीट की वीडियो वाल, लेपटॉप, कम्प्यूटर, टेबलेट, अग्निरोधी उपकरण, डेटा एनालेटिक टीम आदि का समावेश किया गया है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य, निदेशक श्री पुनीत दुबे, श्री सचिन तालेवार, अधीक्षण यंत्री श्री आरबी दोहरे, श्रीमती सुषमा गंगराड़े, स्मार्ट मीटर योजना की नई अधीक्षण यंत्री श्रीमती कीर्ति सिंह, कंट्रोल सेंटर प्रभारी श्री नवीन गुप्ता आदि मौजूद थे।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# साइबर अपराधियों से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **साइबर सुरक्षा और जागरूकता विषय पर संस्था एवरग्रीन इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल वीणा नगर में 5 अक्टूबर को छात्राओं के लिए कार्यशाला आयोजित की। इसमें स्कूल के 300 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया।**

कार्यशाला में बताया कि सायबर स्टॉकिंग, फिशिंग ऑनलाइन धोखाधड़ी, धमकी, हैकिंग की घटनाएं आम हो गई हैं। पैसों का लेन देन, ऑनलाइन स्टडी, शॉपिंग डाटा शेयरिंग, कार्यालयीन कार्य में इंटरनेट का उपयोग आम बात है। इसी के साथ इंटरनेट के माध्यम से ठगी करने वाले साइबर अपराधी भी बढ़ गए हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य आपको ऐसे साइबर अपराधियों से बचने के बारे में समझाना भी है। बच्चे इस अपराध का जल्दी शिकार हो जाते हैं। इनसे बचने का एकमात्र तरीका है सतर्कता एवं जागरूकता। इसके लिए सायबर अपराध को समझें। अंजान एप्लीकेशन डाउनलोड न करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रकट न करें। संदिग्ध मेल, लिंक को क्लिक न करें। किसी को भी अपनी तस्वीरें या जानकारी ऑनलाइन न भेजें चाहे वह परिचित ही क्यों न हो। लुभावने ऑफर से बचें। ईमेल, यूपीआई व नेट बैंकिंग के पासवर्ड अलग-अलग बनाएं। महिला बाल विकास से शिवानी मैडम ने छात्राओं को जेंडर, पोक्सो व अन्य विषयों पर विद्यार्थी को जानकारी दी। कार्यक्रम में एसआई - शिवम ठक्कर (क्राईम ब्रान्च ) एएसआई- गयेन्द्र यादव, महिला बाल विकास से शिवानी मैडम व संस्था प्राचार्य मनमोहन यादव व स्टाप उपस्थित रहा। अतिथि का स्वागत संस्था प्राचार्य द्वारा किया गया।

## शहर को दो और सोलर बेस पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की सौगात

**इंदौर**। गुरुवार को महापौर एवं अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड बोर्ड के अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव द्वारा गोकुलदास अस्पताल के सामने एवं स्नेहलता गंज पुल के समीप, शहर के आम नागरिकों हेतु सोलर बेस पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ किया गया। इनके माध्यम से इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन एवं इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा की चार्जिंग की जा सकती है ' यह स्लो चार्जर है। जिसके माध्यम से 3 घंटे में दुपहिया वाहन पूर्ण चार्ज हो सकता है। लगभग 4 यूनिट बिजली दुपहिया वाहन चार्ज होने में लेती है। प्रति यूनिट चार्जिंग का शुल्क 15/- रु रहेगा। प्रत्येक स्लो चार्जिंग स्टेशन पर एक समय में छः वाहन चार्ज हो सकेंगे '

# 3 करोड़ 8 लाख 55 हजार की लागत से महू के 135 मंदिरों और धर्मस्थलों का होगा जीर्णोद्धार



◆ संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने किया पुजारियों का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मठ, मंदिर और धार्मिक स्थल हमारी संस्कृति की पहचान है। ये हमारे देश की धरोहर होने के साथ ही सनातन धर्म को दुनिया के पटल पर मजबूती प्रदान करते है। इसलिये इनके संरक्षण और जीर्णोद्धार का जिम्मा भी हमारा है। मध्यप्रदेश शासन हमारे सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। उक्त विचार महू में आयोजित मंदिरों और धर्मस्थलों का जीर्णोद्धार और पुजारियों के सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा स्थानीय विधायक सुश्री उषा ठाकुर द्वारा संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने मंदिरों और धर्मस्थलों के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि महू के मठ, मंदिरों और धर्मस्थलों का जीर्णोद्धार किया जाएगा, ताकि सनातन धर्म का वैभव पूर्णतः बना रहे। महू में 3 करोड़ 8 लाख 55 हजार रूपये की राशि से महू के 135 मठ, मंदिरों और धर्मस्थलों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्री सुश्री उषा ठाकुर द्वारा पुजारियों का सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि मंदिरों का जीर्णोद्धार करने के साथ ही यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अलावा शासन द्वारा संधारित लगभग 21 हजार मंदिरों के पुजारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# इंदौर में एसआरजे सीबीसीसी कैंसर अस्पताल का अधिग्रहण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारत में सबसे बड़े कैंसर देखभाल नेटवर्क हेल्थकेयर ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एचसीजी) ने आज इंदौर में एसआरजे सीबीसीसी कैंसर अस्पताल के रणनीतिक अधिग्रहण की घोषणा की। यह अधिग्रहण मध्य प्रदेश के प्रमुख भूगोल में एचसीजी के प्रवेश का प्रतीक है, जो पूरे भारत में विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाता है। एचसीजी ने क्षेत्र की स्वास्थ्य देखभाल मांगों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, 2 साल की अनुमानित परिचालन समयसीमा के भीतर 100 बिस्तरों और अत्याधुनिक कैंसर निदान और उपचार सुविधा को जोड़कर विस्तार करने की योजना बनाई है। 10वें राज्य में प्रवेश के साथ, एचसीजी अब पूरे भारत और अफ्रीका में 21 व्यापक कैंसर केंद्रों और 24 अस्पतालों और 8 ह्यडे केयरह्व केंद्र का एक नेटवर्क है।

एसआरजे सीबीसीसी कैंसर अस्पताल केंद्र में स्थित है और यह शहर का पहला व्यापक कैंसर केंद्र है, और वर्तमान में निजी क्षेत्र में बाजार में अग्रणी है। अस्पताल में 50 कैंसर देखभाल बिस्तर हैं और अत्याधुनिक छकठअउ मशीन है। यह अधिग्रहण ऑपरेशनल स्केल-अप के अवसरों को भी खोलता है, जिसमें अंग-विशिष्ट प्रथाओं की शुरूआत और अगली पीढ़ी के कैंसर देखभाल प्रौद्योगिकियों की शुरूआत शामिल है।

# किसान आमसभा एवं संगोष्ठी का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राष्टीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रायोजित और सी.बी.बी.ओ बाएफ लाइवलीहुडस मध्य प्रदेश संस्था के साथ मिलकर आयोजित की गई। माँ शिप्रा किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड असरावद खुर्द द्वारा किये गए एक महत्वपूर्ण किसान आम सभा एवं संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य था एफपीओ सदस्यों को 2022-23 मे की गयी गतिविधियो, बजट ब्यौरा एवं एफपीओ के आगे की प्लानिंग बताई गयी। साथ ही संगोष्ठी में किसानों को एफपीओ के माध्यम से उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में चर्चा करने का मौका मिला, जिससे उनकी खेती में सुधार हो सके। संगोष्ठी में जैविक खेती के महत्व को भी बताया गया, जिससे किसान समुदाय को न केवल खेती की उपज को बढ़ावा मिला, बल्कि उनके स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाने में मदद मिली। संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत कृषि, बीज और सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिससे किसान समुदाय अपनी खेती को और भी उन्नत कर सकेंगे।

आयोजित वार्षिक आम सभा मे मुख्य रूप से आत्मा परियोजना अधिकारी श्रीमति शैली थॉमस, राज्य समन्वयक बाएफ भोपाल श्री अभिराज काम्बोज, टेलर के.वि. के. प्रभारी श्री राधेश्याम, विषय वस्तु विशेषज्ञ के.वि.के. डॉ. अरुण शुक्ला, श्री प्रदीप पाध्ये निंबस कंपनी, सरपंच असरावद खुर्द श्रीमती ललिता, बीओआई मैनेजर श्रीमती पूजा वर्मा, बाएफ जिला मैनेजर श्री कैलाश पाटिल, माँ शिप्रा किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के उएड श्री अक्षत गुप्ता एवं सभी सदस्य किसान उपस्थित रहे थे। जिन्होंने इस कदम को और भी महत्वपूर्ण बनाया।

# निगम आयुक्त ने किया विभिन्न मतदान केन्द्र का निरीक्षण

◆ मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए, शहर के विभिन्न स्थानो पर मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डी आर लोधी, श्री लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी, निगम के अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए, छोटी खजरानी, ग्रेटर कैलाश रोड, मालवा मिल कम्युनिटी हॉल, गोमा की फेल स्थित शासकीस स्कुल, एलआईजी चौराहा, अहिल्या आश्रम शासकीय स्कुल, मल्हार आश्रम शासकीय स्कलु सहित शहर के विभिन्न शासकीय स्कुल व परिसर में स्थित मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा मतदान केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र पर मरम्मत कार्य, रंग-रोगन कार्य, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, मतदान केन्द्रो पर स्थित शौचालय की व्यवस्था के साथ ही मतदान केन्द्रो तक पहुंच मार्ग, दिव्यांगजन के मतदान केन्द्र तक जाने हेतु मार्ग/रैम्प आदि की व्यवस्थाओ का जायजा लिया जाकर व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के साथ ही आवश्यकता अनुसार मतदान केन्द्र पर मरम्मत व संधारण कार्य करने के संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये गये।

## लता की कथा और गीतों की सुरीली बानगी

**इंदौर**। लता मंगेशकर के गीतों पर केन्द्रित अविस्मरणीय कार्यक्रम लता की कथा का आयोजन अभिनव कला समाज में किया गया। कार्यक्रम में शहर की प्रमुख गायिकाओं ने लताजी के चुनिंदे नगमे प्रस्तुत किये । गीत रामायण कथाकार अभय मानके ने बड़े ही अनोखे अंदाज में लताजी की जीवन कथा पेश की। अनहद- नाद, अभिनव कला समाज एवं म्यूज टेम्पल द्वारा आयोजित लता की कथा कार्यक्रम में मोना आशीष, अर्पिता बोबड़े और नुपुर कौशल ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अतिथि थे फेशन डिजाइनर आसिफ शाह, गीतकार संजय रोकड़े, समाजसेवी नितिन माहेश्वरी एवं अभिषेक गावड़े। अतिथियों का स्वागत प्रवीण कुमार खारीवाल, गोवर्धन लिम्बोदिया, राजेन्द्र कौशिक और अन्नू शर्मा ने किया।

## 100 वर्षीय भैयाजी का हुआ बहुमान

**इंदौर**। पालीवाल ब्राहमण समाज के सक्रिय सदस्य समाजसेवी एवं लेखक तथा भैयाजी के नाम से लोकप्रिय100 वर्षीय शंकरलाल जोशी का सम्मान समाजजनों ने शाल, श्रीफल और उपरना पहनाकर किया। इस मौके पर मुकेश उपाध्याय, महेश जोशी, अनिल बागोरा, पं. विजय शंकर पुरोहित, घनश्याम पुरोहित, आशु वैष्णव, विजय पटेल व सुरेश दवे विशेष रूप से उपस्थित थे। भक्त मंडल के मुकेश उपाध्याय ने बताया कि सभी लोगों ने भैयाजी के घर जाकर उनका बहुमान किया।



# मुख्यमंत्री ने किया हाईटेक अन्नक्षेत्र, धर्मशाला और पार्किंग का लोकार्पण





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। धार्मिक सांस्कृतिक नगरी उज्जैन में महाकाल लोक के प्रथम फेज के कार्यों के पश्चात द्वितीय फेज के निर्माण कार्यों का आज गुरूवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने 755 करोड़ की लागत से हाईटेक अन्न क्षेत्र, धर्मशाला, पार्किंग, महाराजवाड़ा हेरिटेज भवन व नीलकंठ वन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।**

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने महाकाल मंदिर के कोटि तीर्थ कुंड के पीछे पुराने प्रवचन हॉल के समीप निर्मित शिखर दर्शन छत से महाकाल फेज 2 के कार्यो का लोकार्पण किया। इसके साथ ही रूद्रसागर आर-22 मार्ग, अनुभूति वन, महाराजवाड़ा के फैसेलिटी बगीचा, तपोवन, ध्यान कुटी, रूद्रसागर शिखर दर्शन, मंदिर परिसर में निर्मित टनल, दर्शनार्थी वेटिंग हॉल,आपातकालीन व निर्गम द्वार की आधारशिला रखी। समारोह में लोक कलाकार नृत्य,गायन,वादन की रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव, विधायक पारस जैन, महापौर मुकेश टटवाल, कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम, एसपी सचिन शर्मा सहित जनप्रतिनधि व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आए साधु



संतो का मंदिर प्रशासक संदीप सोनी ने स्वागत सत्कार किया।

### देश का सबसे अनूठा और हाइजेनिक अन्नक्षेत्र क्षेत्र

महाकाल मंदिर परिसर में भक्तों के लिए 25 करोड़ रुपयों की लागत से नवनिर्मित अन्नक्षेत्र देश के बारह ज्योतिर्लिंग मंदिरों में सबसे अनूठा है। यह अन्न क्षेत्र किसी फाईव स्टार होटल से कम नहीं है,क्योंकि भोजन बनाने से लेकर धोने तक मशीनों से काम होगा। कर्मचारियों के हाथ प्रसादी पर भी नहीं लगेंगे। खास मशीनों के कारण हर समय गरमा गरम भोजन मिलेगा। भोजन के लिए पहली और दूसरी मंजिल पर लाने व ले जाने के लिए 100 फीट की लिफ्ट भी इसमें लगाई गई है। सीएम शिवराजसिंह ने इस अन्नक्षेत्र को महाकाल के भक्तों को समर्पित किया।

गुरूवार को लोकार्पण के अवसर पर इस नवनिर्मित भवन को करीब 200 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। त्रिवेणी संग्रहालय के पास महाकाल मंदिर में प्रवेश के लिए बने नंदी द्वार के पास 51 हजार वर्गफीट क्षेत्रफल पर इसे बनाया गया है। मंदिर आर्किटेक्ट के लिए नितिन श्रीमाली इंदौर ने इसकी पूरी डिजाइन ऐसी तैयार की है कि धर्म और विज्ञान के संगम का अनूठा दृश्य देखने को मिलेगा। प्रवेश करते ही महाकाल भक्ति की अनुभूति होगी। सब्जी बनाने के लिए 600 लीटर क्षमता की मशीने लगाई गई हैं और रोटी बनाने के लिए 4 मशीनें हैं। हर मंजिल पर डायनिंग हॉल की सुविधा हैं। किचन में कोल्ड स्टोरेज की भी सुविधा है। खाना गर्म रखने की ऑटोमेटिक मशीनें भी लाई गई हैं। किचन में 100 फीट लंबी लिफ्ट भी है, जिसमें बड़े-बड़े बर्तनों से तैयार भोजन ऊपर की मंजिल पर आसानी से लाया जा सकेगा। यह केवल रसोई के कर्मचारियों के उपयोग के लिए है। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के नव निर्मित हाईटेक अन्न क्षेत्र के निर्माण में मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य एवं पुजारी प्रदीप गुरु के यजमान इंदौर के रहने वाले समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने 22 करोड़ रुपए तथा गुड़गांव के रहने वाले प्रवीण अरोरा ने 5 करोड़ दान स्वरूप दिए है। इस विशाल अन्नक्षेत्र के दो मंजिला भवन में दिन भर में 1 लाख लोग भोजन कर सकेंगे।

# मप्र में रात में सर्दी, दिन में गर्मी

## ◆ 10 अक्टूबर तक मानसून की विदाई; अब बारिश के आसार नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश के इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन समेत 19 जिलों से मानसून विदा हो गया है। अगले 5-6 दिन में पूरे प्रदेश से मानसून लौट जाएगा। इससे पहले कई शहरों में गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। यहां रात का टेम्प्रेचर 1 से 4 डिग्री तक लुढ़क गया है। हालांकि, दिन में गर्मी असर दिखा रही है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि मानसूनी सीजन जून से सितंबर तक रहता है। अब मानसून की विदाई हो रही है।

पिछले 4 दिन में इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर संभाग के कुल 19 जिलों में मानसून लौटने की घोषणा हो गई है। एक-दो दिन में पश्चिमी मध्यप्रदेश यानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन और चंबल संभाग के बाकी जिलों से भी विदाई हो जाएगी, जबकि पूर्वी हिस्से के जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग से 10 अक्टूबर तक मानसून विदा हो जाएगा। इस अवधि में बारिश का अनुमान नहीं है। एक ट्रफ लाइन जरूर गुजर रही है, लेकिन उसका ज्यादा असर नहीं है।

### इन जिलों से हो चुकी मानसून की विदाई

इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, भिंड, दतिया, निवाड़ी, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, राजगढ़, शाजापुर, आगर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, मुरैना, श्योपुरकलां, झाबुआ और धार जिलों से मानसून विदा हो चुका है।

### अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि अक्टूबर महीने में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही ट्रेंड रहेगा। वर्तमान में दिन में गर्मी पड़ रही है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत कई शहरों में पारा 33 डिग्री के पार ही है। वहीं, रात में तापमान कम हुआ है। 10 अक्टूबर के बाद प्रदेश में हल्की बारिश होने के आसार भी है। पूरे महीने ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

### रायसेन-पचमढ़ी में रातें ठंडी

अक्टूबर में गुलाबी ठंड ने भी दस्तक दे दी है। रायसेन और पचमढ़ी में पारा सबसे कम है। यहां रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे है। भोपाल, बैतूल, दतिया, गुना, ग्वालियर, इंदौर, राजगढ़, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, मंडला, नौगांव, सागर और उमरिया में पारा 20 डिग्री से कम है। दूसरी ओर, प्रदेश के कई शहरों में दिन का तापमान बढ़ा हुआ है। इससे गर्मी का अहसास हो रहा है। गुना में तापमान 36 डिग्री के पार है। वहीं, दमोह, सागर, नर्मदापुरम, रतलाम, शिवपुरी और उज्जैन में पारा 35 डिग्री या इससे अधिक है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्कालीन मैनेजर समेत 8 पर एफआईआर

### आईएएस की पत्नी, आयुष विभाग के पूर्व ओएसडी की बेटी भी आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। राजधानी की कोलार थाना पुलिस ने बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्कालीन मैनेजर, मूल्यांकनकर्ता समेत आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और षड्यंत्र रचने का केस दर्ज किया है। आरोपियों में तीन महिलाएं हैं। इनमें आईएएस-आईआरएस अधिकारियों की पत्नी और आयुष विभाग के पूर्व ओएसडी की बेटी है। ऋकफ कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई है। बंजारी में स्थित यह जमीन बैंक में लोन पर गिरवी रखी थी। इसकी वर्तमान कीमत करीब 30 करोड़ है। इस प्रॉपर्टी को महज साढ़े 6 करोड़ में नीलाम कर दिया गया था।

पुलिस के मुताबिक शाहपुरा के रहने वाले आदित्य भटनागर ने अपनी एक्सटोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए साल 2010 में बैंक ऑफ बड़ौदा से 4.75 करोड़ का लोन लिया था। इसके बाद कंपनी को 12.72 करोड़ का टर्म लोन दिया गया था। उस समय बैंक ने उक्त जमीन का वैल्युएशन कराया था, जो 13.72 करोड़ रुपए से अधिक था।

कंपनी द्वारा जनवरी 2016 तक लोन की किश्त लगातार जमा की जा रही थीं। मार्च 2016 में बैंक ने अचानक खाता नॉन परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) घोषित कर दिया। (जब कर्जदाता किश्त नहीं चुका पाते, तो बैंक इसे एनपीए घोषित कर देता है।) इस संपत्ति का विवाद डीआरटी, जबलपुर में लंबित है। इस बीच बैंक प्रबंधन ने सीज जमीन को वैल्युअर की मदद से वर्ष 2021 में 6.22 करोड़ में नीलाम कर दी, जिसकी बोली में सिंगल पार्टी ही शामिल हुई थी।

इस संबंध में आदित्य भटनागर ने कोर्ट में परिवार लगाया था। कोर्ट के आदेश पर कोलार रोड पुलिस ने बैंक आफ बड़ौदा के प्रबंधक आंचलिक दबाव ग्रस्त आस्ति वसूली शाखा जबलपुर राकेश भाटिया, मुख्य प्रबंधक आरओएसआरबी अरेरा हिल्स एवं आंचलिक दबाव ग्रस्त वसूली शाखा जबलपुर प्रेम सिंह, दून मोटर्स, ज्योति शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एमपी नगर अबरार खान, ओमैन एसेसर्स शिवाजी नगर संदीप अग्रवाल, मनोज गुप्ता एंड एसोसिएट कस्तूरबा नगर मनोज गुप्ता, लीड मेंबर मुस्कान गुप्ता, सागर लैंडमार्क निवासी सोनू पचौरी, बागपत, उप्र निवासी रेनू चौधरी और ग्लोबस फेव सिटी, चूना भट्टी सुनीता डेहरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# कार ने चार लोगों को कुचला, पिता-बेटी की मौत

## ◆ परिजन बोले- पूर्व सरपंच ने पहले टक्कर मारी, फिर गाड़ी चढ़ा दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच**। नीमच जिले में एक कार ने चार लोगों को कुचल दिया। पिता और बेटी की मौत हो गई, अन्य दो गंभीर घायल हैं। कार चालक मौके से भाग निकला। मृतकों के परिजन ने गांव के पूर्व सरपंच पर गाड़ी चढ़ाने के आरोप लगाए हैं। जीरन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार देर रात रामनगर के पास तीखी रुंडी की है। हादसे में पट्टू बाई (40) की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके पिता रोडू नाथ (60) ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। रोडू नाथ की पत्नी पवन बाई (53) और करणनाथ (24) गंभीर रूप से घायल हैं। रात में घायलों के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पहुंच गए। हालत बिगड़ने पर करणनाथ को राजस्थान के उदयपुर रेफर किया गया।

नीमच एसपी अमित तोलानी जिला अस्पताल पहुंचे और परिजन से चर्चा की। परिजन का आरोप है कि गांव के पूर्व सरपंच सुखलाल नाथ ने इस वारदात को अंजाम दिया है। उसने अपनी गाड़ी से पहले टक्कर मारी, फिर चारों लोगों को कुचल दिया।

### परिजन बोले- बुलडोजर की कार्रवाई हो

पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर पुलिस कंट्रोल रूम के बाहर बैठ गए और चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने मांग रखी कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए व उनके मकान पर बुलडोजर चलाया जाए। पुलिस बल के साथ केंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, नीमच सिटी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह सिसोदिया, एसडीएम ममता खेड़े मौके पर पहुंचीं और परिजनों को समझाइश दी। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव के लिए रवाना हुए।

### पांच आरोपियों पर मामला दर्ज

एएसपी नवल सिंह सिसोदिया ने बताया कि बुधवार रात करीब 8.30 बजे नाथ समाज के लोगों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इस पर पंचायत भी बैठी थी। पट्?टू बाई और रोडू नाथ परिवार के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ बदमाशों ने उन पर कार चढ़ा दी। पांच लोगों पर हत्या और हत्या के प्रयास की मामला दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश के लिए उनके घरों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# पटवारी को 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। मोहन बड़ोदिया निवासी संदीप पाटीदार ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक उज्जैन अनिल विश्वकर्मा को 23 अगस्त 2023 को शिकायत की थी कि मोहन बड़ोदिया पटवारी रघुनंदन अंबातिया संदीप पाटीदार की जमीन का फर्द बंटवारा तहसीलदार से कंप्यूटर में अपलोड करवाने के लिए तहसीलदार के नाम से 20 हजार रुपए की मांग कर रहा है। जिस पर पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन के द्वारा तत्काल वैधानिक कार्रवाई के लिए निरीक्षक दीपक सेजबार को निर्देश दिए जिस पर आवेदक की शिकायत की तस्दीक करवाई गई। आवेदक की शिकायत सत्य पाए जाने पर एवं लगभग सवा महीने पटवारी की हड़ताल होने के बाद पटवारी द्वारा शिकायतकर्ता से हड़ताल खत्म होने एवं पैसों की व्यवस्था करने गुरूवार को बुलवाया गया। इसी दौरान लोकायुक्त उज्जैन के ट्रैप दल प्रभारी डीएसपी सुनील तालान, विवेचन निरीक्षक दीपक सेजबार एवं 7 सदस्यों के साथ मोहन बड़ोदिया पहुंचे। इसी दौरान शाम को पटवारी रघुनंदन अंबातिया के निजी कार्यालय पूर्वज ट्रेडर्स सारंगपुर रोड पर आवेदक संदीप पाटीदार से 20 हजार की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

# संपादकीय

## चिंता की बात

यह विडंबना ही है कि बच्चों के लिए स्कूली या किसी भी स्तर की जो शिक्षा सहजता से ज्ञान प्राप्त करने, बौद्धिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण का जरिया होना चाहिए, वह एक ऐसे दबाव के रूप में काम करने लगती है, जिसका बोझ सह पाना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। सवाल है कि हर परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक लाने, किसी प्रतियोगिता में हर हाल में सफल होने और पद हासिल करने की बेलगाम होड़ बच्चों में कैसे पैदा हो जाती है? जब पढ़ाई और परीक्षा में प्रदर्शन के दबाव की वजह से विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या के बढ़ते मामले चिंता के केंद्र में आ गए हैं, ऐसे समय में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक बेहद जरूरी पहल की गई है। हाउम्मीदह्व नाम से तैयार अपने मसविदा दिशानिर्देशों में मंत्रालय ने कहा है कि बच्चों के बीच आत्महत्या की बढ़ती समस्या को रोकने के लिए हावेलनेसह्व यानी आरोग्य टीम गठित की जाए और साथ ही अगर कोई विद्यार्थी आत्महत्या के जोखिम से जुड़ा कोई संकेत प्रदर्शित करता है तो उसकी तत्काल पहचान करके उसे ऐसी स्थिति से बाहर लाने में सहयोग किया जाए। दरअसल, यह एक जटिल समस्या के रूप में चिह्नित किया जा सकता है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान पढ़ाई-लिखाई में उपजी नई परिस्थितियां कुछ विद्यार्थियों के सामने ऐसा दबाव पैदा कर रही हैं कि कई बार वे उसे बर्दाश्त कर पाने में सक्षम नहीं हो पाते और आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। इस स्थिति की मूल वजहों के साथ-साथ समस्या यह भी है कि ऐसी स्थिति में पड़े बच्चों को ठीक समय पर आसपास का सहयोग नहीं मिल पाता है और वे अपने उलझे हालात में और गहरे फंसते चले जाते हैं। ऐसे में स्कूलों या शैक्षिक संस्थानों के भीतर भी अगर कोई ऐसा तंत्र खड़ा किया जा सके जो दबाव और उससे उपजी परिस्थितियों का सटीक आकलन करे और इसके असर में पड़े विद्यार्थियों की पहचान करके समय पर ठोस मदद मुहैया कराए तो इस समस्या पर काबू पाना मुश्किल नहीं है। इस मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के दिशानिर्देश एक बेहतर रास्ता तैयार करने की कोशिश है, जिसे विकसित करने के पीछे का मुख्य विचार है- हाहर बच्चे का महत्त्व है। इसके तहत स्कूलों को संवेदनशीलता और समझ बढ़ाने के साथ-साथ अपना नुकसान करने से बचाने के लिए बच्चों को समय पर सहायता प्रदान करने को कहा गया है। यों भी आत्महत्या आमतौर पर अचानक उपजी परिस्थिति का नतीजा नहीं होते और इसमें सामाजिक धारणाएं और सोच एक प्रमुख कारक और प्रभाव के रूप में काम करती हैं। इसलिए दिशानिर्देश में स्कूलों, अभिभावकों और समुदाय के बीच साझेदारी को बढ़ावा देने, खुदकुशी को रोकने और आत्मघाती व्यवहार से जुड़ी नकारात्मक सोच को खत्म करने के मकसद से सामाजिक सहयोग और समर्थन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है।

**अर्ज किया है..!**

*ये अलग बात कि*
*मैं नूह नहीं था लेकिन*
*मैंने कश्ती को ग़लत सम्त में*
*बहने न दिया*

*-अज़हर इनायती*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

### श्रद्धा से ज्ञान मिलता है,विश्वास होगा तो भक्ति मिलेगी और भरोसा होगा तो भगवान मिलेगा।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**महिला जगत**

# हर नारी को अपनाने चाहिए नवदुर्गा के ये गुण, मिलेगा परिवार और समाज में सम्मान

शारदीय नवरात्रि का पर्व भारत में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 15 अक्तूबर को मनाई जाएगी। वहीं 23 अक्तूबर को महानवमी मनाई जाएगी। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती हैं। मां दुर्गा के नौ स्वरूप उनके नौ गुणों का प्रतीक हैं। धैर्य, सहनशीलता, भक्ति, शक्ति, तपस्या, साहस, धर्म, पवित्रता और सिद्धि के महत्व को समझाने के लिए नवरात्रि का पर्व एक प्रतीक के तौर पर मनाते हैं। इस दौरान व्रत किया जाता है और पूजा अर्चना करते हैं। यह पर्व भक्ति, साहित्य, संगीत और कला को दर्शाता है। समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत बनाता है। नवदुर्गा के गुणों को अपनाकर नारी शक्ति की विस्तार किया जा सकता है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर न स्वरूपों के माध्यम से जीवन को बेहतर और सफल बनाने के लिए नौ गुणों को अपनाएं।




### मां शैलपुत्री

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मां शैलपुत्री को धैर्य का स्वरूप माना जाता है। मां शैलपुत्री से हमें धैर्य और सहनशीलता का गुण अपनाना चाहिए। हमें कभी भी असफलता का सामना करना पड़ सकता है, ऐसे में धैर्य के साथ सफलता की प्राप्ति का प्रयास किया जा सकता है।

### मां ब्रह्मचारिणी

मां ब्रह्मचारिणी तपस्या का स्वरूप हैं। माता का यह स्वरूप हमें तपस्या और संयम की महत्वपूर्णता की सीख देता है। हर व्यक्ति को अपनी इच्छाशक्ति को नियंत्रित करते हुए निष्कलंक उद्देश्य के लिए कठिनाइयों का सामना करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए।

### माता चंद्रघंटा

नवरात्रि के तीसरे दिन नवदुर्गा के तीसरे स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। मां चंद्रघंटा भक्ति का स्वरूप हैं। मां का यह स्वरूप भक्ति और सेवा का गुण सिखाता है। हमें दूसरों के साथ सहयोग करने और सेवा करने की भावना विकसित करनी चाहिए।

### मां कुष्मांडा

साहस का स्वरूप मां कुष्मांडा भी अच्छे गुणों की सीख देती हैं। मां कूष्माण्डा साहस और उत्साह की महत्वपूर्णता सिखाती हैं। हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए बहादुरी और साहस दिखाने की आवश्यकता होती है।

### मां स्कंदमाता

मां स्कंदमाता मातृत्व और संतानों के प्रति देखभाल की सीख देती हैं। एक आदर्श नारी में मातृत्व का गुण होना आवश्यक होता है।

### मां कात्यायनी

माता कात्यायनी को धर्म का स्वरूप कहा जाता है। यह स्वरूप हमें धर्म और न्याय के प्रति समर्पण की महत्वपूर्णता सिखाता है। हमें सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

### मां कालरात्रि

नवदुर्गा का स्वरूप मां कालरात्रि विनाश का स्वरूप है। इस स्वरूप के माध्यम से हमें विनाश की शक्ति और समय के साथ अंत का सामना करने की योग्यता सिखाता है। हमें अनावश्यक और हानिकारक चीजों का त्याग करना चाहिए।

### मां महागौरी

पवित्रता का स्वरूप मां महागौरी हमें पवित्रता और शुद्धता की महत्वपूर्णता सिखाता है। हमें अपने जीवन में पवित्रता का पालन करना चाहिए और बुराई से दूर रहना चाहिए।

### मां सिद्धिदात्री

नवदुर्गा का नवां स्वरूप मां सिद्धिदात्री हैं। मां सिद्धिदात्री हमें आत्मसमर्पण और साधना के महत्व की शिक्षा देती हैं। साधना के माध्यम से आत्मा के विकास का प्रयास करना चाहिए।

Punjab

# मजीठा रोड पर दवा की फैक्टरी में लगी भीषण आग, महिला समेत चार कर्मचारी जिंदा जले

**अमृतसर, (एजेंसी) अमृतसर में मजीठा रोड स्थित क्वालिटी फार्मास्युटिकल फैक्टरी में गुरुवार को आग लग गई। फार्मास्युटिकल फैक्टरी में हुई आगजनी की घटना में एक किशोर और एक महिला समेत चार कर्मियों की मौत हो गई। फैक्टरी मालिकों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी।**

वहीं फैक्टरी में आग लगते ही हड़कंप मच गया। अंदर काम करने वाले कर्मचारियों को जहां से रास्ता मिला, वहां से बाहर निकल गए। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने करीब आधा दर्जन गाड़ियों की मदद से देर रात आग पर काबू पाया। इसके बाद आग में फंस कर मौत का शिकार हो चुके किशोर कुलविंदर सिंह, रानी, सुखजीत सिंह तथा गुरभेज सिंह



के शव बाहर निकाले गए। मृतकों के परिजनों ने फैक्टरी मालिकों पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए दवा फैक्टरी के सामने धरना शुरु कर दिया।

आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जब आग लगी तब फैक्टरी के अंदर काफी कर्मचारी काम कर रहे थे। आग लगते ही सभी बाहर की तरफ भागे। फैक्टरी में काम करने वाले लोग जब अपनी छुट्टी के समय के बाद भी घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने फैक्टरी की तरफ दौड़ लगाई। हादसे में मारी गई रानी की बहन ने बताया कि बहन जब छुट्टी के बाद घर नहीं आई तो वे उसे ढूंढते हुए फैक्टरी पहुंचे। यहां आकर पता चला कि आग लगी है और उसकी बहन समेत चार लोगों की जान चली गई है। मारे गए लोगों ने फैक्टरी के मालिकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

Maharashtra

## गोरेगांव में 7 मंजिला इमारत में भीषण आग, 46 लोग झुलसे, 6 की मौत

**मुंबई, (एजेंसी) बीती रात मुंबई के गोरेगांव स्थित आज़ाद नगर के समर्थ नामक 7 मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई. रात ढाई से 3 बजे के बीच इमारत के पार्किंग लगी इस आग की वजह से 6 लोगों की मौत हो गई है और 46 लोग घायल हुए हैं. घायलों में 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है.**

यहां इमारत की पार्किंग में पार्क किये हुए 4 कार और 30 से अधिक बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई है, फायर ब्रिगेड की 10 से अधिक गाडियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका है.

फिलहाल कूलिंग का काम चल रहा है. स्थानीय लोगों की मानें तो इमारत के पार्किंग में काफी पुराना कपड़ा रखा हुआ था, जिसमें आग लगी होगी, और देखते देखते पूरे पार्किंग और इमारत की पहली और दूसरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया.

कुल 46 लोग इस हादसे में घायल हुए थे. घायलों को दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. एचबीटी अस्पताल में लाए गए घायलों में से 6 लोगों की मौत हो गई है जिनमें पांच महिलाएं (2 बच्चे) और एक पुरुष शामिल हैं. 25 घायलों का अभी इलाज चल रहा है जिनमें 12 पुरुष और 13 महिलाएं शामिल हैं.

Uttarpradesh

## लखनऊ में दर्दनाक हादसा, शहीदपथ पर एसयूवी ने एमबीए छात्र को 50 मीटर घसीटा, चली गई जान

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ में सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में फीनिक्स प्लासियो माल के पास शहीद पथ पर तेज रफ्तार एसयूवी ने बाइक सवार एमबीए छात्र पुरुषार्थ त्रिपाठी (24)को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक कार के अगले हिस्से में फंस गई और करीब 50 मीटर तक घिसटती चली गई। भीड़ शोर मचाती रही लेकिन कार सवार नहीं रुका। कुछ दूर पर उसने कार रोकी और तेजी से बाइक, छात्र को कार से अलग कर भाग निकला। पुरुषार्थ को अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत करार दिया गया। पुरुषार्थ ने हेलमेट पहना था, लेकिन वह टूट गया। घर वालों ने तहरीर नहीं दी है।

New Delhi

## ट्यूशन जा रही हिंदू छात्रा पर मुस्लिम 'अंकल' ने किए तलवार से 9 वार, लड़की के पिता का दोस्त है हमलावर

**मोदीनगर (गाजियाबाद), (एजेंसी)** गाजियाबाद के मोदीनगर की जगतपुरी कॉलोनी में गुरवार शाम ट्यूशन जा रही नौवीं क्लास की एक 16 वर्षीय छात्रा पर एक मुस्लिम व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से बीच सड़क पर तलवार से ताबड़तोड़ नौ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। छात्रा की चीखें सुनकर बचाने आए लोगों ने आरोपी को पकड़कर जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। हमलावर छात्रा के पिता का दोस्त है। अभी घटना के कारण का पता नहीं चल सका है। घटना के बाद से इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं, गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस आरोपी को मेडिकल के लिए अस्पताल ले जा रही थी तो वह रास्ते में पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर भागने लगा। उसने पुलिस टीम पर फायरिंग भी की, जिसके बाद पुलिस की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोदीनगर की जगतपुरी कॉलोनी निवासी संजय उपाध्याय अपनी पत्नी नीरू और तीन बेटियों के साथ रहते हैं। वह रंगाई-पुताई का काम करते हैं। संजय की 15 वर्षीय बेटी दिव्या कॉलोनी में ही एक टीचर के पास ट्यूशन पढ़ने के लिए जाती है। गुरवार शाम वह ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकली तो रास्ते में पीछे से एक व्यक्ति आया।

खेल

# भारत ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 9 विकेट से हराया, एशियन गेम्स 2023 के सिल्वर मेडल पक्का

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** इंडिया वर्सेस बांग्लादेश एशियन गेम्स 2023 का पहला सेमीफाइनल हांग्जो के पिंगफेंग कैम्पस क्रिकेट फील्ड में खेला गया। इसे भारतीय टीम ने जीता। भारत की टीम अब फाइनल में प्रवेश कर गई है और इसी के साथ एक और सिल्वर मेडल देश के लिए पक्का हो गया है। भारत के लिए इस मैच में तिलक वर्मा ने शानदार अर्धशतक जड़ा। 40 रन कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने बनाए। साई किशोर ने तीन विकेट चटकाए।

इस मैच में भारतीय कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया जो एकदम सही साबित हुआ। बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट



के नुकसान पर 96 रन ही बना सकी। इस तरह भारत को 97 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे टीम इंडिया ने 9.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। भारत का सामना अब गोल्ड मेडल मैच यानी फाइनल में पाकिस्तान या अफगानिस्तान की टीम से शनिवार 7 अक्टूबर को होगा।

सिनेमा

## महादेव बेटिंग ऐप केस: श्रद्धा कपूर को ईडी ने भेजा समन, आज हो सकती है पूछताछ



'महादेव बेटिंग ऐप' मामले में अब सिनेमा के सितारों का भी नाम जुड़ता नजर आ रहा है। पहले जहां कॉमेडियन कपिल शर्मा, एक्ट्रेस हुमा कुरेशी, हिना खान और रणबीर कपूर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन भेजकर अलग-अलग तारीख पर पूछताछ के लिए पेश होने को कहा, तो वहीं अब अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को भी समन भेजा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक आज (शुक्रवार) श्रद्धा को ईडी के सामने पेश होना होगा और उनसे पूछताछ होगी।

बता दें कि ईडी पहले ही मामले में बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को समन भेजकर छह अक्टूबर को रायपुर के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दे चुकी है। बताया जा रहा है कि रणबीर कपूर ने दो सप्ताह का समय मांगा है। अधिकारियों ने बताया कि हाल में तीनों कलाकारों को समन भेज कर एजेंसी के रायपुर कार्यालय में अलग-अलग तारीखों पर पेश होने को कहा गया है।

ईडी, धनशोधन निषेध अधिनियम (पीएमएलए) के तहत इनका बयान दर्ज करेगी और यह समझने की कोशिश करेगी कि ऐप के प्रवर्तकों द्वारा कथित तौर पर किए गए भुगतान और धन प्राप्ति का तरीका क्या था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन कलाकारों को मामले में आरोपी नहीं बनाया जाएगा। बताया जाता है कि इन कलाकारों ने महादेव ऐप का प्रचार किया और कुछ ने ऐप के एक प्रवर्तक की विदेश में हुई शादी में मेहमानों का मनोरंजन किया था।

## Highlights

1. 7 soldiers among 21 dead, 103 missing due to Sikkim flash floods
2. RBI keeps repo rate unchanged at 6.50% for fourth time in a row
3. Life convict granted parole by Kerala HC to undergo IVF treatment
4. Never saw Indian flag being insulted this way: Indian who protected it from Khalistanis in UK
5. All schools in Manipur to reopen from Oct 6: Govt
6. US envoy visits Pakistan-occupied Kashmir for 6 days; India raises concern

# General PF interest rate to remain unchanged at 7.1% for Oct-Dec quarter



**NEW DEIHI, (Agency).** The Union government on Wednesday declared that the General Provident Fund (GPF) interest rate will remain unchanged at 7.1% for the October-December quarter of the fiscal year 2023-2034. The rate has remained consistent for the past few quarters.

"It is announced for general information that during the year 2023-2024, accumulations al the credit of subscribers to lhe General Provident Fund and oilier similar funds shall carry interest at 7.1% from October 1, 2023 to December 31, 2023," a notification issued by the Ministry's of Finance's Department of Economic Affairs said.

We're now on WhatsApp. Click to join.

GPF is a social security scheme meant for employees of the central government. The employees contribute a portion of their salary to the GPF. The fund can be provided to them upon requirement.

The finance ministry said that the GPF rate is also applicable for other similar provident funds. These include the General PF (Central Services), Contributory PF (India), All India Services PF, State Railway PF, General PF (Denfence Services), Defence Services Officers' PF, State Railway PF, Armed Forces Personnel PF, and Indian Ordnance Factories Workmen's PF and others.

The interest rate of GPF is reviewed and revised every quarter by the government. Earlier on July 4, the government announced the interest rate of 7.1% for the July-September quarter.

# Want to become a drone pilot? Now you need any government ID, address proof

**NEW DEIHI, (Agency).** The ministry of civil aviation on Thursday notified of the new Drone (Amendment) Rules 2023 saying that any citizen can now apply to become a drone pilot with government-issued identity and address proof. According to the ministry, the rules have been made effective from September 27.

In a statement, the ministry said, "Exercising the power bestowed upon it by section 5,



sub-section 2 of section 10 and sections 10A, 10B, and 12A of the Aircraft Act, 1934 (22 of 1934), the Ministry of Civil Aviation has notified the new Drone (Amendment) Rules 2023 for drone pilots."

We're now on WhatsApp. Click to join.

"After the amendment, it has now been made clear that a government-issued proof of identity and a government-issued proof of address i.e. Voter ID, Ration Card, or Driving License can now be accepted to apply for a Remote Pilot Certificate if the drone pilot does not have a passport," the release added.

Notably, a remote pilot certificate is required when the drone is of small to medium size - up to 2kg - for non-commercial drone use.

According to the government, the new rules are aiming to further liberalise, promote and facilitate drone operations across the country and make India a global drone hub by 2030.

"The prerequisite of having a passport was becoming a hurdle for aspiring drone pilots, especially in the agricultural sector across rural India," it said.

# 8 माह से फरार एक करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी सूरत से पकड़ाया

## उदयपुर, मेहसाणा और अन्य शहरों में की वारदाते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 8 माह से फरार चल रहे एक करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने मशक्कत के बाद सूरत से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इसके पहले उदयपुर, मेहसाणा सहित कई राज्यों, शहरों में वारदात को अंजाम दे चुका है। आरोपी ने नॉन-एल्काहॉलिक बीयर के एक्सपायर्ड प्रोडक्ट बेचकर धोखाधड़ी की थी। थाना प्रभारी शैलेन्द्रसिंह जादौन के अनुसार, आवेदिका निवासी पीपल्याहाना (एस.के. इंटरप्राइजेस) की फर्म है। उसने वर्ष 2018 में एक समाचार प्तर में छपे विज्ञापन ह्यभारत भर में डिस्ट्रीब्यूटर तथा डीलरशिप की नियुक्ति करनी है को देखकर कम्पनी मेगनम के संबंध में जानकारी एकत्रित की। इसके बाद कम्पनी के आफिस विजिट कर उसके डायरेक्टर दिनेश कटारिया से सूरत में मिली। दिनेश ने स्वयं की कम्पनी को युनाइटेज ब्रेवरीज लिमिटेड कम्पनी दिल्ली से अधिकृत होना बताया। कम्पनी के प्रोडक्ट नान-एल्कोहालिक बियर हैनिकेन, किंगफिशर के अलावा अन्य साइड प्रोडक्ट दिए जाने की बात हुई। दिनेश कटारिया की बातों में आकर आवेदिका ने वीर सावरकर नगर में गोदाम व आफिस खोला। 26 लाख का माल भेजा

कम्पनी मेगनम ने एडवांस में नान एल्कोहालिक बियर (कीमत छब्बीस लाख) आवेदिका की कम्पनी एस.के. इंटरप्राइजेस को भेजा। इसके एवज में आवेदिका की ओर से एक करोड़ रुपए आरोपी दिनेश कटारिया को दिए गए। आरोपी की कंपनी मेगनम इंटरप्राइजेस से मिले प्रोडक्ट को चेक करने पर पता चला कि कम्पनी अनुबंध अनुसार प्रोडक्ट न होकर वर्ष 2018 में बंद हो चुकी गोल्ड फोग नामक एनर्जी ड्रिंक का अधिकांश माल था।

**कंपनी मालिक ने की टालमटोल-** आवेदिका ने इस पर आरोपी कम्पनी मेगनम से सम्पर्क कर उक्त माल वापस करने को कहने पर दिनेश ने टालमटोल करते हुए माल वापस नहीं किया और रुपए भी नहीं लौटाए। इस पर आवेदिका ने कोर्ट में वाद दायर किया था। जहां से न्यायालय में आरोपी के खिलाफ जूनी इंदौर पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने मेगनम कंपनी के दिनेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी दिनेश पिता भूपतभाई कटारिया निवासी 40-41 विनायक रेसीडेंसी, शंकरनगर, पूनागाम सूरत को गिरफ्तार किया।

### गुजरात में भी केस दर्ज

आरोपी दिनेश ने बताया कि एस.के. इंटरप्राईजेस के अलावा मेहसाणा गुजरात में भी व्यापारी से लाखों रुपए लिए थे। रुपए नहीं लौटाने पर गुजरात के व्यापारी ने केस दर्ज कराया है। वर्तमान में उदयपुर में व्यापारी से लेनदेन संबंधी शिकायत मिली है।

# रेलवे ओवरब्रिज पर लगे पोल लोगों ने तोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महू-इंदौर रोड पर आने वाले किशनगंज रेलवे ओवर ब्रिज पर बुधवार रात को पुलिस ने ट्रैफिक नियंत्रण और हादसों को रोकने के लिए पूरे ब्रिज पर प्लास्टिक पोल लगवाए थे। यह पोल एक दिन भी नहीं चल सके। यहां से निकलने वाले वाहन चालक और उप नगरी बस चालकों ने कई प्लास्टिक पोल को नुकसान पहुंचाकर तोड़ दिया।**

गुरुवार दोपहर में उप नगरी बस चालक का एक वीडियो भी सामने आया वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि चालक जानबूझकर सभी पोल तोड़ते हुए आ रहा है। इतना ही नहीं बाइक सवार और कार चालक भी इन प्लास्टिक पोल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

मामले में एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि ब्रिज का आकार काफी छोटा है, जिसके कारण रोजाना यहां पर जाम की स्थिति बन रही थी। वाहन चालक भी ब्रिज पर आमने-सामने आ जाते हैं इसके कारण जाम लग जाता है। यहां पर ओवरटेक के चक्कर में हादसे भी हो चुके हैं।

इन सब चीजों को देखते हुए यहां पर प्लास्टिक पोल लगवाए गए थे, लेकिन देखने में यह आया है कि बस चालक और लोगों ने जानबूझकर तोड़ दिया। हम ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं, जिन्होंने शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। साथ ही जनता से भी कहना चाहूंगा यह पोल आपकी ही सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं।

# प्रापर्टी ब्रोकर की हत्या करने वाले चार दोषियों को आजीवन कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **प्लाट के सौदे को लेकर हत्या करने वाले चार दोषियों को इंदौर सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। लगभग साढ़े आठ वर्ष पहले हुई वारदात को हत्यारों ने भंडारे में अंजाम दिया था। वारदात 14 जनवरी 2015 की रात करीब 12 बजे नंदानगर बीमा अस्पताल के सामने मंदिर में आयोजित भंडारे में हुई थी।**

दोषियों के नाम कृष्णपाल सिंह उर्फ डान, छोटू उर्फ अंकित, शुभम चौहान और प्रदीप यादव सभी निवासी नंदानगर हैं। वारदात वाले दिन प्रापर्टी ब्रोकर चीनू उर्फ अजय सिकरवार निवासी नंदानगर भंडारे में शामिल होने गया था। चारों आरोपित वहां पहुंचे और उसे घेरकर उस पर चाकू से हमला कर दिया। घायल चीनू को भाई अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चारों आरोपित अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले थे।

### 24 गवाहों के हुए थे बयान

पुलिस ने चारों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। अतिरिक्त लोक अभियोजक उमेश यादव ने बताया कि अभियोजन की तरफ से 24 गवाहों के बयान कराए गए। जांच में यह बात भी सामने आई थी कि चीनू की आरोपितों से पुरानी रंजिश थी। उनके बीच एक प्लाट के सौदे को लेकर भी विवाद चल रहा था।

# सिविल अस्पताल में हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महू में आने वाले तहसील के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मामला गुरुवार दोपहर 1 बजे करीब का है। यहां सिविल अस्पताल में एक्स-रे करवाने आए मरीज और उनके परिजनों के साथ सिविल अस्पताल में एक्स-रे करने वाले कर्मचारियों ने अशब्द बोल दिए। इसके बाद मरीज और उनके परिजन भडक़ गए और अस्पताल में ही जमकर हंगामा करने लगे।**

परिजन इमरान ने बताया कि एक्स-रे करने वाला कर्मचारी महिलाओं से बदतमीजी से बात कर रहा था कई घंटे से एक्स-रे रूम के बहार ही बैठा रखा था। रूम के अंदर बैठ कर दो कर्मचारी चाय पी रहे थे। इस दौरान जब एक महिला अंदर एक्स-रे करवाने पहुंची, तो उसके हाथ से चि_ी लेकर बाहर फेंक दी और बोला कि बहार निकलो जब बुलाए तब ही अंदर आना।

### ◆काम नहीं कर रही एक्स-रे मशीन

इस मामले में अस्पताल प्रभारी योगेश सिंगारे का कहना है कि अगर बदतमीजी हुई है तो मैं दिखवाता हूं। लेकिन दो दिनों से एक्स-रे मशीन में कुछ टेक्निकल प्रोब्लम आई है। जिसके कारण मशीन एक्स-रे काम ही नहीं कर रही है।

# कार में मिली 30 पेटी अंग्रेजी शराब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजेन्द्र नगर पुलिस ने एक कार को रोककर तलाशी ली तो उसमें करीब 30 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब भरी मिली। मुखबिर से सूचना मिली कि एक कार सफेद रंग की तीन इमली तरफ से अवैध शराब भरकर एबी रोड से जाने वाली है। तत्काल बीजलपुर तिराहे पर टीम ने पहुंचकर चेकिंग शुरू की इसी दौरान एक सफेद रंग गाडी गडवडी पुलिया की तरफ से आती हुई दिखी जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन गाड़ी का चालक पुलिस को देखकर गाडी भगाने का प्रयास करने लगा पुलिस टीम ने पीछा कर कार की घेराबंद कर उसे रोका। कार में प्रकाश केवट और संजय केवट, ग्राम लेपा कसरावद खरगोन मिले। तलाशी करने पर कार में 30 पेटी अंग्रेजी शराब गोवा व्हीस्की व लंदन प्राईड प्रीमीयम व्हीस्की के क्वार्टर की पेटियां मिली। शराब की कीमत 1.70 लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है। आरोपी प्रकाश केवट व संजय केवट को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से उक्त अवैध शराब को मय कार के जप्त कर आरोपियो के विरुद्ध 34 आबकारी एक्ट का केस दर्ज किया गया है। आरोपी प्रकाश ने पूछताछ में बताया है कि शराब की दुकान का काम देखने वाले बंटी ठाकुर से 30 पेटी शराब खरीदी है और बंटी ठाकुर को पिछले 4 महीने से जानता है और करीबन 10-12 बार इसी दुकान से बंटी ठाकुर ने शराब दिलवाई है। पुलिस बंटी ठाकुर की तलाश कर रही है। आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर अन्य शराब तस्करों के बारे में जानकारी ली जा रही है।

# स्कूली बच्चों का परिवहन कर रही थी ट्रैवलर, आरटीओ ने जब्त कर वसूला जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **परिवहन विभाग की टीम स्कूल वाहनों की जांच के लिए इंदौर की सडक़ों पर उतरी। इस दौरान स्कूल बसों और अन्य स्कूल वाहनों की जांच की गई। इसमें निजी वाहन के रूप में पंजीकृत होने के बाद भी ट्रैवलर से स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। मामले में आरटीओ ने बच्चों को छुड़वाने के बाद ट्रैवलर को जब्त किर लिया। इसी तरह अन्य वाहनों को भी जब्त कर जुमार्ना वसूला गया।**

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली वाहनों की जांच का अभियान गुरुवार से शुरू किया गया। इसमें विभिन्न रूटों पर स्कूली वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान निजी वाहन के रूप में पंजीकृत एक ट्रैवलर वाहन और एक इक्को वाहन में स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। बच्चों को छुड़वाने के बाद दोनों वाहनों को परिवहन विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया।

### बिना परमिट और फिटनेस दौड़ रही थी मैजिक

आरटीओ प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान एक मैजिक भी जब्त की गई, जो बिना परमिट और फिटनेस के स्कूली बच्चों का परिवहन करते पाई गई। अन्य वाहनों में नियमों की अनदेखी होने पर कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

# ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज में लगी साइबर क्लास

**इंदौर**। पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में गुरुवार को अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम ने पुलिस टीम के साथ ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज, हातोद रोड में पहुंचकर स्टूडेंट्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। सायबर अवेयरनेस के तहत ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने कार्यशाला में करीब 300 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्राड ,फाइनेंशियल फ्राड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।